	1) Selectivity (two signal method)	—	The selectivity when measured by two signal method and for an audio output of –10 dB with reference to standard output and with the incorporation of audio band pass filter while taking the measurement shall be at least –6 dB at 200 kHz around the centre carrier of sound
	2) Spurious response	—	Under consideration
	3) Hum	—	At least 36 dB below the maximum useful audio output
	d) *Fidelity*		
	Electrical audio frequency response	—	The electrical frequency response shall be within ± 6 dB over the range 100 Hz to 7.5 kHz (when referred to response at 1 kHz) after allowing for 50/μs pre-emphasis, characteristic provided at the transmission
	e) *Acoustic feedback*	—	There shall be no acoustic feedback for maximum useful audio output power when measured in accordance with IS 2731 : 1964
3)	**MISCELLANEOUS MEASUREMENTS**		
	a) Microphonic effects on the picture	Part 2	Microphonic effects shall not be noticeable when the volume control is so adjusted as to obtain maximum useful audio power on 100 percent of modulation peaks

8 संचालन तथा अनुदेश मैनुअल

8.1 हर रिसीवर के इसे लगाने, चलाने, इसके नेमी रख-रखाव तथा सुरक्षा संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारीयुक्त एक संचालन संबंधी अनुदेश मैनुअल उपलब्ध कराया जाएगा। निर्माता उन महत्त्वपूर्ण कल-पुर्जों को विशेष तौर पर विनिर्दिष्ट करेगा जिनकी पर्याप्त देखभाल जरूरी है, ताकि सर्विसिंग के समय इन्हें समुचित तौर पर बदला जा सके।

8.2 ग्राहक के अनुरोध पर उसको रिसीवर का सर्किट डायग्राम उपलब्ध कराना होगा, जिसमें वेव-फार्म, वोल्टेज, अन्य परीक्षण तथा अनुश्रवण संबंधी विवरण होगा। साथ ही कल-पुर्जों और पार्टी की पहचान सूची तथा ले-आउट उपलब्ध कराना होगा।

9 परीक्षण

9.1 परीक्षणों का वर्गीकरण

9.1.1 *टाइप संबंधी परीक्षण*

सारणी 2 में विनिर्दिष्ट परीक्षण टाइप की जांच के बारे में है और यह दिए गए क्रम में ही किए जाएंगे।

सारणी 2 टाइप संबंधी परीक्षणों की अनुसूची

ग्रुप (1)	परीक्षण (2)	इस मानक के खंड संख्या का संदर्भ (3)	टीवी रिसीवरों की संख्या (4)
0	सामान्य आवश्यकताओं की जाँच	4	–
	सुरक्षा संबंधी जरूरतों की जाँच	5	–
	मार्किंग संबंधी जरूरतों की जाँच	7	3
	निष्पादन संबंधी जरूरतों की जाँच	6.2 और सारणी 1	–
1	बम्प	9.2.1	1
2	शुष्क ताप	9.2.2	–
	नमी, ताप (आवर्ती)	9.2.3	1
	शीत	9.2.4	–
3	ऑपरेटिंग लाइफ	9.3	1

8 OPERATING AND INSTRUCTION MANUAL

8.1 An operating instruction manual containing information relating to installation, operation, routine maintenance and safety precautions shall be made available with each receiver. The manufacturer would particularly specify the critical components for which adequate care needs to be taken to ensure proper replacement at the time of servicing.

8.2 On request, customers shall be provided with circuit diagram of the receiver indicating waveforms, voltages, other tests and monitoring details alongwith components and parts identification list and layout.

9 TESTS

9.1 Classification of Tests

9.1.1 *Type Tests*

The test specified in Table 2 shall constitute type tests and shall be carried out in the sequence mentioned therein.

Table 2 Schedule of Type Tests

Group (1)	Test (2)	Ref to Clause No. of This Standard (3)	No. of TV Receivers (4)
0	Check for general requirements	4	—
	Check for safety requirements	5	—
	Check for marking requirements	7	3
	Tests for performance requirements	6.2 and Table 1	—
1	Bump	9.2.1	1
2	Dry heat	9.2.2	—
	Damp, heat (cyclic)	9.2.3	1
	Cold	9.2.4	—
3	Operating life	9.3	1

9.1.1.1 *नमूनों की संख्या*

टाइप संबंधी परीक्षण के लिए, एक ही मॉडल, टाइप और मेक के तीन टेलीविजन रिसीवर लिए जाएंगे और नियमित रूप से उत्पादित लॉट में से इन्हें यादृच्छ आधार पर चुन लिया जाएगा।

9.1.1.2 *स्वीकृति का मानदंड*

किसी भी प्रकार की जांच में एक भी खराबी नहीं मिलनी चाहिए। खराबी मिलने पर दोगुने टेलीविजन रिसीवर लिए जाएंगे और वो परीक्षण किए जाएंगे जिन पर ये खरे नहीं उतरे हैं तथा जो परीक्षण परिणामों पर प्रभाव डाल सकते हैं। दुबारा परीक्षणों की किसी भी प्रकार की असफलता नहीं चलेगी।

9.1.2 *नेमी परीक्षण*

नेमी परीक्षण नीचे दिए गए हैं और प्रत्येक टेलीविजन रिसीवरों को इनसे गुजरना होगा:

- क) विजुअल तथा संचालन जाँच [सारणी 1 का (i)(क) देखें];
- ख) सामान्य संचालन परिस्थितियों में शॉक संबंधी जोखिम (आईएस 616 : 1986 का **9.1.1** देखें); और
- ग) इन्सूलेशन रेजिस्टेंस और डाइलैक्ट्रिक क्षमता की जाँच (आईएस 616 : 1986 का **10.3** देखें)।

9.1.3 *स्वीकृति संबंधी परीक्षण*

स्वीकृति संबंधी परीक्षण में निम्नलिखित परीक्षण शामिल हैं। जिन टेलीविजन रिसीवरों ने नेमी परीक्षण (**9.1.2** देखें) पास कर लिए हैं, उन्हें इन परीक्षणों से गुजरना होगा।

टिप्पणी – संदर्भ के लिए सारणी 1 और **9.3** देखें।

- क) *विजन*
  - 1) *पिक्चर क्वालिटी*
    - i) पिक्चर का आकार,
    - ii) आस्पैक्ट अनुपात,
    - iii) ज्योमेट्रिक डिस्टॉर्शन,
    - iv) स्पष्टता और फोकस,
    - v) ब्राइटनेस अंतरण विशेषता (गामा), और
    - vi) कलर अभिग्रहण जाँच।
  - 2) *सेन्सिटविटी*
    - i) गेन-नियंत्रित सेन्सिटविटी,
    - ii) नॉइज-नियंत्रित सेन्सिटविटी,
    - iii) सिंक्रोनाइजिंग सेन्सिटविटी,
    - iv) ल्यूमिनेंस और क्रोमिनेंस चैनल दोनों के लिए ऑटोमेटिक गेन कंट्रोल विशेषता, और
    - v) कलर सेन्सिटविटी।
  - 3) *एकल-सिग्नल चयनात्मकता*
  - 4) *स्थिरता*
    - i) ट्यूनिंग फ्रीक्वेंसी में परिवर्तनीयता,
    - ii) सिंक्रोनाइजिंग स्थिरता, और
    - iii) लाइन स्कैन की सिंक्रोनाइजिंग रेंज।

9.1.1.1 *Number of samples*

For type tests, number of television receivers shall be three of the same model, type and make selected preferably at random from a regular production lot.

9.1.1.2 *Criteria of acceptance*

There shall be no single failure in any of type tests. In case of failure, twice the number of television receivers shall be taken and subjected to the tests in which failure has occurred and other tests that have bearing on the test results. No failure shall be permitted in the retests.

9.1.2 *Routine Tests*

The following shall constitute the routine tests and shall be carried out on each and every television receiver:

- a) Visual and operational check [*see* (i)(a) of Table 1];
- b) Shock hazard under normal operating conditions (*see* **9.1.1** of IS 616 : 1986); and
- c) Insulation resistance and dielectric strength test (*see* **10.3** of IS 616 : 1986).

9.1.3 *Acceptance Tests*

The following shall constitute the acceptance tests which shall be carried out on television receivers that have successfully passed the routine tests (*see* **9.1.2**).

NOTE — *See* Table 1 and **9.3** for reference.

- a) *Vision*
  - 1) *Picture quality*
    - i) Picture size,
    - ii) Aspect ratio,
    - iii) Geometric distortion,
    - iv) Definition and focus,
    - v) Brightness transfer characteristic (gamma), and
    - vi) Check for colour reception.
  - 2) *Sensitivity*
    - i) Gain-limited sensitivity,
    - ii) Noise-limited sensitivity,
    - iii) Synchronizing sensitivity,
    - iv) Automatic gain control characteristic for both luminance and chrominance channel, and
    - v) Colour sensitivity.
  - 3) *Single-signal selectivity*
  - 4) *Stability*
    - i) Variation of tuning frequency,
    - ii) Synchronizing stability, and
    - iii) Line scan synchronizing range.

ख) *ऑडियो फ्रीक्वेंसी पर इलैक्ट्रिकल और एकॉस्टिक माप*

   i) अधिकतम उपयोगी ऑडियो आउटपुट गेन,
   ii) नॉइज नियंत्रित इनपुट सिग्नल लेवल, और
   iii) इलैक्ट्रिकल ऑडियो फ्रीक्वेंसी रिस्पॉन्स।

ग) *विविध माप*
बिजली की खपत।

घ) *ऑपरेटिंग लाइफ* – 48 घंटे।

9.1.3.1 टेलीविजन रिसीवरों के चयन के बाद इनके प्रत्येक लॉट की विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं की अनुरूपता सुनश्चित करने के लिए इन पर स्वीकृति संबंधी परीक्षण किए जाएंगे। नमूना चयन की अनुशंसित योजना और स्वीकृति संबंधी मानदंड अनुबंध ख में दिए गए हैं।

9.2 पर्यावरणीय परीक्षण

9.2.1 *बम्प परीक्षण*

निरीक्षण को बम्प परीक्षण से गुजरना होगा। यह परीक्षण आईएस 9000 (भाग 7/खंड 2): 1979 के अनुसार किए जाते हैं। बम्प की संख्या 500 ± 10 और त्वरण 400 एम/एस^2 है। इस परीक्षण के बाद रिसीवर **9.2.5** में विनिर्दिष्ट अनुप्रयोग संबंधी निष्पादन आवश्यकता पर खरे उतरने चाहिएं। यह परीक्षण पैक्ड हालातों में पाए जाएंगे।

9.2.2 *शुष्क ताप परीक्षण*

रिसीवरों को 16 घंटे तक +55°सें. के प्रचंड शुष्क ताप परीक्षण (जब तक कि इससे ज्यादा प्रचंडता की आवश्यकता न हो) से गुजरना होगा। यह परीक्षण आईएस 9000 (भाग 3/खंड 5): 1977 के अनुसार कराया जाता है। परीक्षण के दौरान रिसीवर ऑन रहेगा। रिसीवर के सामान्य हालत पर आने के बाद इसे **9.2.5** में विनिर्दिष्ट अनुप्रयोग संबंधी निष्पादन आवश्यकता पर खरा उतरना चाहिए। सामान्य हालत पर आने के लिए दो घंटे का समय रखा गया है।

9.2.3 *नमी-ताप क्रमिक परीक्षण*

नमी ताप से क्रमिक रूप से गुजारने संबंधी परीक्षण रिसीवरों को नमी-ताप के चक्रीय परीक्षण से से गुजरना होगा (चक्रों की संख्या 2)। यह परीक्षण आईएस 9000 (भाग 5/खंड 1) : 1981 के अनुरूप होगा। सामान्य हालत पर आने के बाद रिसीवर **9.2.5** में विनिर्दिष्ट अनुप्रयोग संबंधी निष्पाद आवश्यकता पर खरा उतरना चाहिए। सामान्य हालत पर आने के लिए 24 घंटे का समय दिया जाएगा। रिसीवर को 'ऑफ' करके यह परीक्षण किया जाएगा।

9.2.4 *शीत संबंधी परीक्षण*

रिसीवर दो घंटे तक –10°से. की प्रचंड ठंडक झेलने में सक्षम होना चाहिए। यह परीक्षण आईएस 9000 (भाग 2/खंड 4): 1977 के अनुरूप होगा। सामान्य हालत पर आने के बाद, रिसीवर **9.2.5** में विनिर्दिष्ट अनुप्रयोग संबंधी निष्पादन आवश्यकता पर खरा उतरना चाहिए। सामान्य हालत पर आने के लिए 2 घंटे का समय दिया जाएगा। रिसीवर को ऑफ करके यह परीक्षण किया जाएगा।

b) *Electrical and Acoustic Measurement at Audio Frequency*

   i) Maximum useful audio output power,
   ii) Noise limited input signal level, and
   iii) Electrical audio frequency response.

c) *Miscellaneous Measurements*
Power consumption.

d) *Operating life* — 48 hours.

9.1.3.1 Television receivers shall be selected and subjected to acceptance tests to ascertain the conformity of each lot to the requirement specified. A recommended sampling plan and acceptance criteria is given in Annex B.

9.2 Environmental Tests

9.2.1 *Bump Test*

The receiver shall be subjected to bump test carried out in accordance with IS 9000 (Part 7/Sec 2) : 1979, the number of bumps being 500 ± 10 and acceleration being 400 m/s^2. After this test the receiver shall conform to the applicable performance requirement specified in **9.2.5**. This test shall be carried out under packed conditions.

9.2.2 *Dry Heat Test*

The receiver shall be subjected to dry heat test of severity + 55°C for 16 hours (unless a higher severity is called for), carried out in accordance with IS 9000 (Part 3/Sec 5) : 1977. The test shall be carried out when the receiver is ON. After recovery, the receiver shall conform to the applicable performance requirements specified in **9.2.5**. The duration of the recovery shall be 2 hours.

9.2.3 *Damp Heat Cyclic Test*

The receiver shall be subjected to damp heat cyclic test (No. of cycles – 2) in accordance with IS 9000 (Part 5/Sec 1) : 1981. After recovery, the receiver shall conform to the applicable performance requirements specified in **9.2.5**. The duration of recovery shall be 24 hours. The test shall be carried out when the receiver is in 'OFF' condition.

9.2.4 *Cold Test*

The receiver shall withstand, a cold test of severity –10°C for 2 hours carried out in accordance with IS 9000 (Part 2/Sec 4) : 1977. After recovery, the receiver shall conform to the applicable performance requirements specified in **9.2.5**. The duration of recovery shall be 2 hours. The test shall be carried out when the receiver is in OFF condition.

9.2.5 *पर्यावरण संबंधी प्रत्येक परीक्षण के बाद, कार्यात्मक जांच*

पर्यावरण संबंधी प्रत्येक परीक्षण (**9.2.2** से **9.2.4**) के बाद फंक्शन संबंधी निम्नलिखित जांच की जाएंगी और सारणी 1 में विनिर्दिष्ट आवश्यकताएं पूरी होनी चाहिएं:

क) नॉइज नियंत्रित सेन्सिटविटी,
ख) कलर सेन्सिटविटी,
ग) सिंक्रोनाइजिंग सेन्सिटविटी,
घ) ट्यूनिंग फ्रीक्वेंसी की परिवर्तनीयता,
ङ) अधिकतम उपयोगी ऑडियो आउटपुट क्षमता, और
च) सुरक्षा संबंधी परीक्षण:
  1) सामान्य संचालन हालातों के तहत आघात जोखिम, और
  2) इंसुलेशन रेजिस्टेंस और डाइलेक्ट्रिक क्षमता।

9.3 ऑपरेटिंग लाइफ संबंधी परीक्षण

टेलीविजन रिसीवर को ऑपरेटिंग लाइफ संबंधी परीक्षण से गुजरना होगा। इसमें रिसीवर को 5 घंटे चलाया जाएगा और 1 घंटे का विश्राम दिया जाएगा। निर्धारित वोल्टेज और समुचित वीडियो एवं ऑडियो मॉडयूलेशन के साथ प्रयोगशाला के वातावरण में यह परीक्षण कुल 1 000 घंटे तक चलेगा। ऑपरेटिंग लाइफ अवधि के अंत में, फंक्शनों से संबंधित निम्नलिखित जाँच की जाएगी और सारणी 1 में विनिर्दिष्ट आवश्यकताएं पूरी होनी चाहिएं:

क) नॉइज नियंत्रित सेन्सिटविटी,
ख) कलर सेन्सिटविटी,
ग) सिंक्रोनाइजिंग सेन्सिटविटी,
घ) ट्यूनिंग फ्रीक्वेंसी की परिवर्तनीयता, और
ङ) अधिकतम उपयोगी ऑडियो आउटपुट क्षमता।

टिप्पणीयाँ

1 टेलीविजन रिसीवर संबंधी आम सावधानी के लिए रियायत दी जानी चाहिए।

2 स्वीकृति संबंधी परीक्षण के लिए यह जांच किए जाने की स्थिति में संचालन अवधि 48 घंटे तक सीमित रखी जानी चाहिए।

3 स्टैटिक वीडियो मॉडयूलेशन पैटर्न में पिक्चर ट्यूब स्क्रीन पर स्थायी छाप (बर्न-इन, आदि) छूट जाने की संभावना बनी रहती है। इस छाप से बचने के लिए, धीमे-धीमे पिक्चर रोल करने जैसे समुचित जरिए अपनाए जा सकते हैं।

4 लाउडस्पीकर की जगह डमी लगाए जा सकते हैं।

10 ईको मार्क के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएं

10.1 सामान्य आवश्यकताएं

10.1.1 टेलीविजन रिसीवर, इस मानक में गुणवत्ता, सुरक्षा और निष्पादन संबंधी निर्धारित आवश्यकताओं के समनुरूप होने चाहिएं।

10.1.2 उत्पाद निर्माता को ईको मार्क के लिए आवेदन करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो *पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम*, 1986 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के तहत प्राधिकार पत्रों के साथ-साथ *जल अधिनियम*, 1974, *जल (पीसीपी) उपकर अधिनियम*, 1977 और *वायु (पीसीपी)*

9.2.5 *Post Measurements After Each Environmental Test*

The following functional checks shall be made after each environmental test (*see* **9.2.2** to **9.2.4**) and the requirements specified in Table 1 shall be met with:

a) Noise limited sensitivity,
b) Colour sensitivity,
c) Synchronizing sensitivity,
d) Variation of tuning frequency,
e) Maximum useful audio output power, and
f) Safety tests:
  1) Shock hazard under normal operating conditions, and
  2) Insulation resistance and dielectric strength.

9.3 Operating Life Test

The television receiver shall be subjected to operating life test consisting of 5 hours operation and one hour rest period for total operating period of 1 000 hours under laboratory atmospheric conditions and at rated voltage with suitable video and audio modulation. At the end of the operating life duration, the following functional checks shall be carried out, and the requirements specified in Table 1 shall be met with:

a) Noise limited sensitivity,
b) Colour sensitivity,
c) Synchronizing sensitivity,
d) Variation of tuning frequency, and
e) Maximum useful audio output power.

NOTES

1 Allowance should be made for normal attention of the television receiver.

2 When this test is called for as part of acceptance tests, the operating period shall be limited to 48 hours.

3 With static video modulation pattern there exists a possibility of a permanent impression (burn-in, etc.) left on the picture tube screen. Suitable measures like rolling the picture at a slow rate can be resorted to, to avoid the impression.

4 The loudspeaker may be substituted by a dummy.

10 ADDITIONAL REQUIREMENTS FOR ECO MARK

10.1 General Requirements

10.1.1 The television receivers shall conform to the requirements pertaining to quality, safety and performance prescribed in this standard.

10.1.2 The product manufacturer must produce the consent clearance, as per the provision of *Water (PCP) Act*, 1974, *Water (PCP) Cess Act,* 1977 and *Air (PCP) Act,* 1981, alongwith the authorization if required under *Environment (Protection) Act*, 1986 and Rules

अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधी मंजूरी भारतीय मानक ब्यूरो को प्रस्तुत करनी होगी।

10.1.3 जैसा कि लागू है, टेलीविजन रिसीवरों पर महत्त्वपूर्ण कल-पुर्जों की सूची/सावधानी संबंधी चेतावनियां प्रदर्शित होनी चाहिएं।

10.1.4 उत्पाद को किस आधार पर पर्यावरण हितैषी का दर्जा दिया गया है, इसका संक्षिप्त ब्यौरा टेलीविजन रिसीवर के पैकेजिंग में दिया जाए।

10.1.5 टेलीविजन रिसीवर, उचित इस्तेमाल संबंधी अनुदेशों के साथ बेचे जाएंगे ताकि उत्पाद के निष्पाद का अधिक से अधिक उपयोग हो सके और बर्बादी को कम किया जा सके।

10.1.6 पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री या तो पुनरोपयोगी हो या फिर जैविक रूप से नष्ट हो जाने वाली हो और पैकेजिंग के विशिष्ट विषय के बारे में पर्यावरण हितैषी का लेबल लगाने की स्कीम (एसएलईएफपी) के तहत बनाए गए पैरामीटर इस पर लागू होंगे।

10.2 उत्पाद विशिष्ट अपेक्षाएं

10.2.1 विनिर्माण/संयोजन के दौरान साफ-सफाई के लिए सीएफसी और अन्य सुगंधित तथा हैलोजनित हाइड्रोकार्बनों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

10.2.2 आईएस 4546 : 1983 के अनुसार परीक्षण करने पर टीवी रिसीवरों का विद्युत-चुंबकीय विकीर्णन आईएस 6842 : 1977 में विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए।

10.2.3 बिजली की खपत निम्नांकित से अधिक नहीं होनी चाहिए:

53 सेंमी. सहित या इस तक के स्क्रीन आकार के लिए 75 वाट, और 53 सेंमी. से अधिक के स्क्रीन के लिए 100 वाट।

made thereunder to Bureau of Indian Standards while applying for the ECO Mark.

10.1.3 The television receivers must display a list of critical components/cautionary notes as applicable.

10.1.4 The television receivers packaging may display in brief the criteria based on which the product has been labelled environment friendly.

10.1.5 The television receivers shall be sold alongwith instructions for proper use so as to maximize product performance and minimize wastage.

10.1.6 The material used for packaging shall be recyclable or biodegradable and the parameters evolved under the Scheme of Labelling Environment Friendly Product (SLEFP) on the specific subject of packaging shall apply.

10.2 Product Specific Requirements

10.2.1 CFC and other aromatic and halogenated hydrocarbons shall not be used for cleaning purpose during manufacturing/assembling.

10.2.2 The electromagnetic radiation from TV receivers shall not exceed the limits specified in IS 6842 : 1977 when tested in accordance with IS 4546 : 1983.

10.2.3 The power consumption shall not exceed:

75 W for screen sizes up to and including 53 cm, and 100 W for screen sizes above 53 cm.

अनुबंध क

(*मद* 2)

संदर्भित भारतीय मानकों की सूची

ANNEX A

(*Item* 2)

LIST OF REFERRED INDIAN STANDARDS

आईएस सं.	*शीर्षक*	*IS No.*	*Title*
616 : 1986	मेन्स से चलने वाले और घरों में तथा आमतौर पर उपयोग में लाए जाने वाले इलैक्ट्रॉनिक तथा संबंधित उपकरणों के लिए सुरक्षा संबंधी आवश्यकताएं (*दूसरा पुनरीक्षण*)	616 : 1986	Safety requirements for mains operated electronic and related apparatus for household and similar general use (*second revision*)

आईएस सं.	*शीर्षक*
1885 (भाग 24) : 1967	विद्युत-तकनीकी शब्दावली : भाग 24 प्रसारण, ध्वनि और टेलीविजन
2731 : 1964	रिसीवरों पर फ्रीक्वेंसी मॉड्यूलेशन प्रसारणों को मापने की पद्धतियां
4545	रिसीवरों पर टेलीविजन ब्रॉडकास्ट प्रसारणों को मापने की पद्धतियां:
(भाग 1) : 1983	सामान्य प्रतिफल (*पहला पुनरीक्षण*)
(भाग 2) : 1983	ट्यूनिंग विशेषताएं और सामान्य पैमाने (*पहला पुनरीक्षण*)
(भाग 3) : 1983	तस्वीर की ज्यामितीय विशेषाएं (*पहला पुनरीक्षण*)
(भाग 4) : 1983	सिंक्रोनाइजिंग गुणवत्ता (*पहला पुनरीक्षण*)
(भाग 5) : 1983	सेन्सिटिविटी (*पहला पुनरीक्षण*)
(भाग 6) : 1983	चयनात्मकता और अवांछित सिग्नलों के प्रति रिस्पांस (*पहला पुनरीक्षण*)
(भाग 7) : 1983	फिडेलिटी (*पहला पुनरीक्षण*)
(भाग 8) : 1983	ऑडियो विजुअल रिकॉड करने वाले उपकरणों के साथ सहज सामंजस्य क्षमता (*पहला पुनरीक्षण*)
(भाग 9) : 1983	ऑडियो फ्रीक्वेंसी पर इलैक्ट्रिकल और एकॉस्टिक माप (*पहला पुनरीक्षण*)
4546 : 1983	एम्प्लीट्यूड मॉड्यूलेशन, फ्रीक्वेंसी मॉड्यूलेशन और टेलीविजन ट्राँसमिशन के रिसीवर में प्रसारित और संचालित व्यतिक्रम को मापने की पद्धतियां (*पहला पुनरीक्षण*)
4547 : 1991	मोनोक्रोम टेलीविजन ब्रॉडकास्ट प्रसारण के लिए रिसीवर (*तीसरा पुनरीक्षण*)
4905 : 1968	यादृच्छ नमूना चयन की पद्धतियां
6842 : 1977	विद्युत-चुंबकीय व्यतिक्रम की सीमाएं (*पहला पुनरीक्षण*)
9000	इलैक्ट्रॉनिक और इलैक्ट्रिक मदों के लिए पर्यावरण संबंधी बुनियादी परीक्षण के बारे में प्रक्रिया:
(भाग 2/खंड 4) : 1977	भाग 2 शीत संबंधी परीक्षण, खंड 4 तापमान में क्रमिक बदलाव के साथ ताप क्षरण करने वाली मदों के शीत संबंधी परीक्षण
(भाग 3/खंड 5) : 1977	भाग 3 शुष्क ताप परीक्षण, खंड 5 तापमान में क्रमिक बदलाव के साथ ताप क्षरण करने वाली मदों के शुष्क ताप परीक्षण
(भाग 5/खंड 1) : 1981	भाग 5 नमी-ताप (क्रमिक) परीक्षण, खंड 1 16+8 एच चक्र
(भाग 7/खंड 2) : 1979	भाग 7 संघात संबंधी परीक्षण, खंड 2 बम्प

IS No.	*Title*
1885 (Part 24) : 1967	Electrotechnical vocabulary: Part 24 Broadcasting, sound and television
2731 : 1964	Methods of measurements on receivers for frequency modulation broadcast transmissions
4545	Methods of measurements on receivers for television broadcast transmissions:
(Part 1) : 1983	General considerations (*first revision*)
(Part 2) : 1983	Tuning properties and general measurements (*first revision*)
(Part 3) : 1983	Geometrical properties of the picture (*first revision*)
(Part 4) : 1983	Synchronizing quality (*first revision*)
(Part 5) : 1983	Sensitivity (*first revision*)
(Part 6) : 1983	Selectivity and response to undesired signals (*first revision*)
(Part 7) : 1983	Fidelity (*first revision*)
(Part 8) : 1983	Compatibility with audio visual recording equipment (*first revision*)
(Part 9) : 1983	Electrical and acoustic measurements at audio frequency (*first revision*)
4546 : 1983	Methods of measurements of radiated and conducted interference from receivers for amplitude modulation frequency modulation and television transmissions (*first revision*)
4547 : 1991	Receivers for monochrome television broadcast transmissions (*third revision*)
4905 : 1968	Methods of random sampling
6842 : 1977	Limits for electromagnetic interference (*first revision*)
9000	Basic environmental testing procedures for electronic and electrical items:
(Part 2/Sec 4) : 1977	Part 2 Cold test, Section 4 Cold test for heat dissipating items with gradual change of temperature
(Part 3/Sec 5) : 1977	Part 3 Dry heat test, Section 5 Dry heat test for heat dissipating items with gradual change temperature
(Part 5/Sec 1) : 1981	Part 5 Damp heat (cyclic) test, Section 1 16 + 8 h cycle
(Part 7/Sec 2) : 1979	Part 7 Impact test, Section 2 Bump

अनुबंध ख

(*खंड* 9.1.3.1)

नमूने लेने और समनुरूपता के मानदंड

ANNEX B

(*Clause* 9.1.3.1)

SAMPLING AND CRITERIA FOR CONFORMITY

ख-1 लॉट

ख-1.1 एक ही मॉडल और टाइप तथा समान डिजाइन तथा अनिवार्य रूप से उत्पादन की एक जैसी परिस्थितियों के तहत समान तकनीक से निर्मित सभी टेलीविजन रिसीवर।

ख-1.1.1 स्वीकृति परीक्षण के लिए प्रत्येक लॉट से नमूने लिए जाएंगे और समनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए इनकी जांच की जाएगी।

ख-2 नमूना चयन का पैमाना

सारणी 3 के कॉलम 1, 2 और 3 के अनुसार यादृच्छ रूप से रिसीवर लिए जाएंगे (आईएस 4905 : 1968 *देखें*)।

ख-3 परीक्षणों की संख्या, समनुरूपता के मानदंड

ख-3.1 सारणी 3 के कॉलम 1 और 2 के अनुसार प्रत्येक लॉट से रिसीवर लिए जाएंगे जो कि **9.1.3** में विनिर्दिष्ट स्वीकृति संबंधी परीक्षणों अनुसार होंगे। यदि यह रिसीवर विनिर्दिष्ट परीक्षणों में से किसी भी एक में फेल हो जाता है तो इसे खराब माना जाएगा। यदि पहले नमूने (कॉलम 2 *देखें*) में खराब रिसीवरों की संख्या शून्य पाई जाती है, तो लॉट को स्वीकृति संबंधी परीक्षणों पर खरा माना जाएगा। यदि खराब रिसीवरों की संख्या 2 या इससे अधिक पाई जाती है (कॉलम 6 *देखें*), तो लॉट को स्वीकृति संबंधी परीक्षणों पर खरा नहीं माना जाएगा।

ख-3.2 यदि खराब रिसीवरों की संख्या एक है, तो सारणी 3 के कॉलम 3 के अनुसार रिसीवरों के और नमूने लिए जाएंगे तथा इन्हें स्वीकृति संबंधी सभी परीक्षणों से गुजारा जाएगा। यदि संयुक्त नमूनों (कॉलम 6 *देखें*) में खराब रिसीवरों की संख्या को लॉट की स्वीकृति संबंधी परीक्षणों पर खरा माना जाएगा, अन्यथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।

सारणी 3 नमूने लेने का पैमाना और समनुरूपता का मानदंड

(*खंड* ख-2.1)

लॉट का आकार (1)	पहला नमूना (2)	दूसरा नमूना (3)	संयुक्त नमूना (4)	स्वीकृति संख्या (5)	रद्दीकरण की संख्या (6)
150 तक	5	5	10	0	2
151 से 300 तक	8	8	16	0	2
301 और उससे ऊपर	13	13	26	0	2

B-1 LOT

B-1.1 All the television receivers of the same model and type having the same design and manufactured by the same techniques under essentially similar conditions of production.

B-1.1.1 Samples shall be taken and tested to ascertain the conformity of each lot for acceptance tests.

B-2 SCALE OF SAMPLING

Receivers shall be taken at random according to col 1, 2 and 3 of Table 3 (*see* IS 4905 : 1968).

B-3 NUMBER OF TESTS AND CRITERIA FOR CONFORMITY

B-3.1 Receivers shall be drawn from each lot according to col 1 and 2 of Table 3 and subjected to the acceptance tests specified in **9.1.3**. If a receiver fails in any one of the acceptance tests, it shall be called defective. If the number of defectives found in the first sample (*see* col 2) is zero (*see* col 5), the lot shall be considered as conforming to the acceptance tests. If the number of defectives is as equal to or greater than two (*see* col 6), the lot shall be considered as not conforming to the acceptance tests.

B-3.2 If the number of defectives is equal to one, further sample of receivers shall be taken according to col 3 of Table 3 and tested for all the acceptance tests. If the number of defectives in the combined sample (*see* col 6), the lot shall be considered as conforming to the acceptance tests otherwise rejected.

Table 3 Scale of Sampling and Criteria for Conformity

(*Clause* B-2.1)

Lot Size (1)	First Sample (2)	Second Sample (3)	Combined Sample (4)	Acceptance Number (5)	Rejection Number (6)
Up to 150	5	5	10	0	2
151 to 300	8	8	16	0	2
301 and above	13	13	26	0	2

निर्वचन में विवाद की स्थिति में इस मानक का अंग्रेज़ी पाठ ही मान्य होगा।

In case of dispute in interpretation, English version of this standard shall be authentic.

(*दूसरे कवर से जारी*)

1983 में इस मानक के प्रकाशित होने तथा बाद के संशोधनों के इस्तेमाल से प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यह संशोधन तैयार किया गया है।

निम्नलिखित पैरामीटरों को हालांकि महत्त्वपूर्ण माना गया था लेकिन आंकड़ों की कमी के कारण इन्हें मानकों में शामिल नहीं किया जा सका और दक्षता हासिल होने के बाद इन्हें शामिल कर लिया जाएगा:

क) क्रोमिनेन्स सिग्नल डिमॉड्यूलेशन,
ख) विलंबित तथा अविलंबित क्रोमिनेन्स सिग्नल मिसमैचिंग,
ग) कलर किलर रिस्पॉन्स टाइम,
घ) अभिसरण संबंधी खामियां, और
ङ) कलर संतृप्तिकरण नियंत्रण।

पर्यावरण और वन मंत्रालय के आग्रह पर पर्यावरण हितैषी उत्पादों पर 'ईको मार्क' नाम का लेबल लगाने की एक स्कीम शुरू की गई है। *पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम,* 1986 के तहत, भारत के राजपत्र में प्रकाशित 20 फरवरी 1991 के संकल्प सं॰ 71 के अनुसार *बीआईएस अधिनियम,* 1986 के अंतर्गत ईको मार्क भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा अधिशासित होगा। ईको मार्क का पात्र बनने के लिए, उत्पाद को पर्यावरण हितैषी (ईएफ) संबंधी अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा गुणवत्ता के मामले में बीआईएस मार्क भी प्राप्त करना होगा। इस मानक में इस संशोधन के माध्यम से मोनोक्रोम टेलीविजन रिसीवरों के लिए ईएफ संबंधी आवश्यकताएं शामिल की जा रही हैं।

यह निश्चित करने के लिए कि इस मानक में दी गई किसी अपेक्षा विशेष का पालन किया गया है या नहीं, तो परीक्षण या विश्लेषण के परिणाम को दर्शाने वाले अवलोकन या गणना द्वारा प्राप्त अंतिम मान को आईएस 2 : 1960 'संख्यात्मक मानों के पूर्णांकन संबंधी नियम (*पुनरीक्षित*)' के अनुसार पूर्णांकित कर दिया जाए। पूर्णांकित मान में रखे गए सार्थक स्थानों की संख्या उतनी ही हो जितनी इस मानक में निर्दिष्ट मान की है।

(*Continued from second cover*)

This revision has been prepared taking into account the experience gained in the use of this standard since its first printing in 1983 and the subsequent amendments.

The following parameters though considered important could not be included in the standard due to lack of data and would be included subsequently with the built up of expertise:

a) Chrominance signal demodulation,
b) Delayed and undelayed chrominance signal mismatching,
c) Colour killer response time,
d) Convergence errors, and
e) Colour saturation control.

A scheme for labelling environment friendly products known as ECO Mark is introduced at the instance of the Ministry of Environment and Forests. The ECO Mark shall be administered by the Bureau of Indian Standards (BIS) under the *BIS Act,* 1986 as per the Resolution No. 71 dated 20 February 1991 published in the Gazette of Government of India, under the *Environment (Protection) Act,* 1986. For a product to be eligible for ECO Mark it shall also carry the Standard Mark of BIS for quality besides meeting additional environment friendly (EF) requirements. The EF requirements for Monochrome television receivers are being included through this Amendment to this standard.

For the purpose of deciding whether a particular requirement of this standard is complied with, the final value, observed or calculated, expressing the result of a test or analysis, shall be rounded off in accordance with IS 2 : 1960 'Rules for rounding off numerical values (*revised*)'. The number of significant places retained in the rounded off value should be the same as that of the specified value in this standard.

Bureau of Indian Standards

BIS is a statutory institution established under the *Bureau of Indian Standards Act*, 1986 to promote harmonious development of the activities of standardization, marking and quality certification of goods and attending to connected matters in the country.

Copyright

BIS has the copyright of all its publications. No part of these publications may be reproduced in any form without the prior permission in writing of BIS. This does not preclude the free use, in the course of implementing the standard, of necessary details, such as symbols and sizes, type or grade designations. Enquiries relating to copyright be addressed to the Director (Publications), BIS.

Review of Indian Standards

Amendments are issued to standards as the need arises on the basis of comments. Standards are also reviewed periodically; a standard along with amendments is reaffirmed when such review indicates that no changes are needed; if the review indicates that changes are needed, it is taken up for revision. Users of Indian Standards should ascertain that they are in possession of the latest amendments or edition by referring to the latest issue of 'BIS Catalogue' and 'Standards : Monthly Additions'.

This Indian Standard has been developed from Doc No.: LTD 20 (3090).

Amendments Issued Since Publication

Amend No.	Date of Issue	Text Affected

BUREAU OF INDIAN STANDARDS

Headquarters:

Manak Bhavan, 9 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi 110002
Telephones : 2323 0131, 2323 3375, 2323 9402 *Website*: www.bis.org.in

Regional Offices:		*Telephones*
Central :	Manak Bhavan, 9 Bahadur Shah Zafar Marg NEW DELHI 110002	2323 7617 2323 3841
Eastern :	1/14 C.I.T. Scheme VII M, V. I. P. Road, Kankurgachi KOLKATA 700054	2337 8499, 2337 8561 2337 8626, 2337 9120
Northern :	SCO 335-336, Sector 34-A, CHANDIGARH 160022	60 3843 60 9285
Southern :	C.I.T. Campus, IV Cross Road, CHENNAI 600113	2254 1216, 2254 1442 2254 2519, 2254 2315
Western :	Manakalaya, E9 MIDC, Marol, Andheri (East) MUMBAI 400093	2832 9295, 2832 7858 2832 7891, 2832 7892

Branches: AHMEDABAD. BANGALORE. BHOPAL. BHUBANESHWAR. COIMBATORE. DEHRADUN. FARIDABAD. GHAZIABAD. GUWAHATI. HYDERABAD. JAIPUR. KANPUR. LUCKNOW. NAGPUR. PARWANOO. PATNA. PUNE. RAJKOT. THIRUVANANTHAPURAM. VISAKHAPATNAM.

Published by BIS, New Delhi